तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 10 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 साल के पहले लोक अदालत में आपसी राजीनामा से हुआ मोटर दुर्घटना के प्रकरण का निराकरण



## खबर संक्षेप

### संजय कुमार को मिली पीएचडी की उपाधि

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पदस्थ संजय कुमार जैन को उनके शोध प्रबंध असेसमेंट ऑफ फिजिको केमिकल केरेक्टेरेसटिक्स एण्ड सम टॉक्सिक आयन्स इन ग्राउंड वाटर सोर्सेज ऑफ सरगुजा डिस्ट्रिक्ट विषय पर एसजीजीयू द्वारा रसायन शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। श्री जैन ने अपना शोध कार्य सीतापुर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ.रोहित कुमार बारगाह के निर्देशन में पूर्ण किया है। शोध कार्य के दौरान श्री जैन के पांच रिसर्च पेपर, इंटरनेशनल पीयर रिव्यूड एवं रेफ्रड जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं वहीं दो बुक चैप्टर भी प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने इंटरनेशनल सेमिनार में शोधपत्र भी प्रस्तुत किया है। वे जशपुर के ग्राम सन्ना निवासी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से वाहन मालिक की मौत

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से वाहन मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शहर को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चलगली थाना अंतर्गत ग्राम चंदौरा निवासी रामसाय राम प्रधान आ. महावीर प्रधान (31 वर्ष) गत दिन ट्रैक्टर के चालू नहीं होने पर चालक ने चालू करा रहा था। इधर चालक बार-बार चाबी लगाकर चालू करने का प्रयास करने लगा। इसी बीच ट्रैक्टर के चालू होने तथा आगे बढ़ जाने से वाहन मालिक चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### चोरों ने अलग-अलग स्थानों से पार किया दो बाइक

**अम्बिकापुर।** विश्रामपुर निवासी सूरजभान सिंह आ. देवेन्द्र सिंह गत दिन शहर के निजी अस्पताल में पिता का इलाज कराने बाइक क्रमांक सीजी 30 बी 6924 से आया था। बाइक को अस्पताल के सामने खड़ा कर उपचार कराने चला गया । कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में नवापारा निवासी प्रदीप ताम्रकार आ. भुलन साव (45 वर्ष) 25 फरवरी की रात बाइग क्रमांक सीजी 15 डीएच 9977 को घर के सामने खड़ा किया था। दूसरे दिन उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो गत दिन घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### घर के सामने से चोर ले उड़े बोलेरो, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** घर के सामने खड़े बोलेरो को चोरों ने पार कर दिया। वाहन मालिक ने वाहन चोरी होने की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई है। लखनपुर थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 निवासी शिव भरोस राजवाड़े आ. राम चरण राजवाड़े हर रोज की भांति बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 3979 को घर के सामने खड़ा किया था। इसी बीच देर रात चोरों ने बोलेरो वाहन को पार कर दिया। घटना की जानकारी तब लगी जब वाहन मालिक सुबह उठा तो देखा बोलेरो वाहन अपनी जगह से गायब थी। वाहन मालिक ने आसपास क्षेत्र में वाहन की खोजबीन की लेकिन वाहन का कहीं पता नहीं। वाहन मालिक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

## कांग्रेस ने किया मुख्य कार्यक्रम का बहिष्कार

# नगर पालिका परिषद के लिए दो अलग अलग शपथ ग्रहण समारोह



नपा प्रांगण में पृथक से शपथ लेतीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष।



समारोह के दौरान नवनिर्वाचित पार्षद व भाजपा पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर पालिका परिषद ने नव निर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण का समारोह विवादों में आ गया। एक ही समारोह के चार-चार कार्ड छापने और वरिष्ठ नेताओं को उचित स्थान नहीं मिलने का आरोप लगाकर कांग्रेस ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया जिसके बाद नगर पालिका की नव निर्वाचित अध्यक्ष व कांग्रेस पार्षदों व भाजपा के पार्षदों ने अलग अलग शपथ ग्रहण किया। नगर पालिका के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि एक ही परिषद के लिए दो अलग अलग शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। अब इस समारोह के बाद आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

**खास बात**

- अलग अलग कार्ड बांटने से शुरू हुआ विवाद

बता दें कि नगर निकाय चुनाव के दौरान नगर पालिका परिषद सूरजपुर में अध्यक्ष व 18 वार्ड पार्षदों के चुनाव हुए। चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती कुसुम लता राजवाड़े ने नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में जीत दर्ज की है। इसके साथ ही नगर पालिका में कांग्रेस के 6, भाजपा के 8 व निर्दलीय 4 पार्षदों ने चुनाव में जीत दर्ज की है। इस जीत के बाद रविवार को नव निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों के शपथ ग्रहण का समारोह आयोजित किया गया। समारोह के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष की ओर से एक निमंत्रण कार्ड बंटवाया गया था लेकिन शनिवार की देर शाम यह बात सामने आई कि नगर पालिका सीएमओ प्रभाकर शुक्ला व प्रशासन द्वारा भी अलग अलग तीन कार्ड छपवाए गये। इन कार्डों में कांग्रेस के नेताओं के लिए प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया और वरिष्ठ नेताओं को उचित स्थान नहीं दिया गया जिसके बाद कांग्रेस ने देर रात शपथ ग्रहण समारोह के बहिष्कार का ऐलान कर दिया था। रविवार को नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित कार्यक्रम स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस की नपा अध्यक्ष व पार्षद शामिल नहीं हुए। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व गृह मंत्री राम सेवक पैकरा, बाबुलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, नगरपालिका चुनाव प्रभारी अम्बिकेश केशरी, मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा की मौजूदगी में भाजपा के 8 पार्षदों व निर्दलीय पार्षदों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।

### नपा प्रांगण में अध्यक्ष व कांग्रेस पार्षदों ने ली शपथ

सामूहिक शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किए जाने के नव कांग्रेस की नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े व कांग्रेस के पार्षदों ने नगर पालिका प्रांगन में शपथ ली। एसडीएम शिवानी जायसवाल ने नपा अध्यक्ष व पार्षदों को शपथ दिलाई। नपा अध्यक्ष व पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद खेलसाय सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े,भानुप्रताप सिंह, नरेश राजवाड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रामकृष्ण ओझा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गिरजा शंकर मिश्रा, जिला महामंत्री मनोज डालमिया, जफर हैदर,मनोज अग्रवाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू, नीरज तायल, पंकज चौबे, जमील, तनवीर आदि मौजूद थे।

### दबाव में काम कर रहे अधिकारी : कुसुम लता

शपथ ग्रहण के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष कुसुम लता रजवाड़े ने कहा कि मैंने अपना शपथ ग्रहण कर लिया है। देवतुल्य जनता ने जो जिम्मेदारी हमें दी है उसका निर्वहन किया जाएगा। हमारे लिए सभी नगरवासी एक सामान है और सभी का सम्मान है। नगर के विकास के लिए हम मिलकर काम करेंगे। कांग्रेस के बहिष्कार और अलग अलग कार्ड को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद दोनों दलों ने बैठकर बात की कि सभी साथी एक साथ शपथ ग्रहण करेंगे। सभी को हमारी ओर से निमंत्रण भेजा गया था लेकिन बाद में पता चला की अलग अलग कार्ड बांटे गये जो निंदनीय है और हम इसका विरोध करते है। हम सामूहिक शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हुए। प्रशासनिक अधिकारी दबाव में आकर काम कर रहे है जो गलत है।

### प्रशासन का प्रोटोकॉल कांग्रेस नहीं कर रही स्वीकार : लक्ष्मी

कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस के बहिष्कार पर कहा कि रविवार को नगर पालिका के निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों के शपथ ग्रहण का समारोह था। इसमें सभी दलों के लोग शामिल हुए और प्रशासन की टीम भी मौजूद रही। नगर पालिका किसी दल का नहीं है। यह प्रशासन का कार्यक्रम था और प्रशासन ने प्रोटोकॉल के हिसाब से सभी को निमंत्रण दिया। कांग्रेस किस आधार पर बहिष्कार कर रही है और किस प्रोटोकॉल की बात कर रही है। प्रशासन के प्रोटोकॉल को कांग्रेस के लोग स्वीकार नहीं कर रहे है।

# मेयर व सभापति ने किया शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



निरीक्षण करते मेयर व सभापति।

शहर में एक बार फिर से स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।

- नागरिकों से गीला सूखा कचरा अलग देने का आह्वान, कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर चल रही तैयारियों का नगर निगम की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने पार्षदों और अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सर्व प्रथम सर्वप्रथम कंपनी बाजार में सफाई कार्य का निरीक्षण करने के साथ ही सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया।

इस शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दी। इसके साथ ही शौचालय के नियमित रखरखाव, दिव्यांग सीट सहित सर्वेक्षण के मापदंड अनुरूप नगर के सभी सार्वजनिक शौचालय में व्यवस्था सुदृण करने हेतु निर्देशित किया गया। मेयर व सभापति ने एसएलआरएम केन्द्रों का अवलोकन किया। शहर में वर्तमान में 8 केंद्रों में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य को गुणवत्ता युक्त कराने एवं सर्वेक्षण के पूर्व समस्त व्यवस्था मापदंड अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महापौर एवं सभापति द्वारा स्वच्छता दीदियों से कार्य के संबंध में बात की गई। स्वच्छता दीदियों के नियमित स्वास्थ्य जांच, सुरक्षा सामग्री मास्क जूता ग्लव्स आदि पर्याप्त मात्रा में नियमित रूप से उपलब्ध करने की निर्देश दिए गए। दीदियों द्वारा बताया गया कि वार्ड में कई परिवार जिसमें अधिकतर किरायेदार हैं जो मिक्स कचरा देते है। गीला सुखा अलग नहीं दिया जाता है जिससे दीदियों को वार्ड में सेग्रीगेशन करना पड़ता है और कचरा कलेक्शन में बहुत समय लग जाता है। वार्डों में यूजर चार्ज की राशि भी बकाया चल रही है। इसपर महापौर व सभापति ने लोगों से आह्वान किया कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने एवं सर्वेक्षण में पुनः अपने श्रेणी में प्रथम स्थान पर लाने हेतु सभी की सहभागिता की जरूरत है। सभी अपने घरों संस्थानों में दो डस्टबिन रखें, गीला सूखा हानिकारक और सेनेटरी कचरा अलग अलग ही देवे, तथा यूजर चार्ज का नियमित भुगतान करे। आयुक्त नगर निगम द्वारा निकाय क्षेत्र के समस्त सार्वजनिक शौचालय, एसएलआरएम केंद्र मरम्मत कार्य को गुणवत्ता युक्त समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु अभियंताओं को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्षद श्रीमती श्वेता गुप्ता, मनोज कंसारी, जितेंद्र सोनी, श्रीमती सुमन कंसारी, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, शशिकांत जायसवाल, दीपक यादव, रविकांत उरांव, राहुल त्रिपाठी, श्रीमती मधु चौदहा, श्रीमती नीलम रजवाड़े, श्रीमती प्रियंका चौबे, विकास गुप्ता सहित कार्यपालन अभियन्ता, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, सहायक अभियंता, उप अभियंता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जंगली सुअर के शिकार हेतु लगाए फंदे में फंसकर ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दरिमा पुलिस ने जंगली सूअर के शिकार हेतु लगाए गए फंदे में ग्रामीण की मौत के मामले में जांच उपरान्त फरार चल रहे तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जबकि इसके पूर्व भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

- फरार चल रहे तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार, अब तक चार के खिलाफ हुई कार्रवाई

बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत शिव नारायण 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे अपने दो भैंस को जान पहचान के व्यक्ति को बिक्री करने के बाद छोड़ने गया था लेकिन वह वापस नहीं आया। इस दौरान 3 फरवरी को ग्रामीण का शव घर से लगभग 5 सौ मीटर दूर करम्हा रोड पर पुटुस झाड़ी में मिला था। मृतक के पीएम रिपोर्ट में बिजली के करेंट से ग्रामीण के मौत की जानकारी सामने आई थी। इस मामले में जांच उपरांत संदेह के आधार पर आरोपी इंद्रकुमार मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया था। आरोपी ने पुलिस को बताया था कि जंगली जानवर सूअर के शिकार हेतु उन्होंने हाईटेंशन तार का फंदा लगाया था लेकिन तार की चपेट में आकर शिवनारायण की मौत हो गई। घटना के बाद उन्होंने तार को समेटकर छिपा दिया था। इस मामले में बयान के आधार पर पुलिस ने दरिमा थाना अंतर्गत करम्हा निवासी 40 वर्षीय लाल यादव आ. स्व. रामनाथ यादव, अमेरापारा पम्पापुर निवासी 34 वर्षीय प्रभु दयाल आ. ईश्वर सिंह व 35 वर्षीय सुबिन मझवार आ. स्व. करन मझवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त जिआई तार जब्त करने के साथ ही बीएनएस की धारा 105, 103 (1), 238 (ए), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा शशिकांत सिन्हा, सउनि बैजनाथ लकड़ा, आरक्षक जगेश्वर बघेल, राज जायसवाल, संजीत माझी सक्रिय रहे।

# खदान में खड़े ट्रकों से डीजल चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार



**लखनपुर।** पुलिस ने खदान में खड़ी ट्रकों से डीजल चोरी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त रॉड, पाइप, डीजल चोरी करने वाला डब्बा बरामद किया है जबकि इस मामले में पूर्व में ही तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

- पूर्व में भी पकड़े गये थे तीन आरोपी, अमेरा खदान में दिया था वारदात को अंजाम

बता दें कि थाना अंतर्गत संचालित अमेरा खदान से कोयला चोरी के मामले में शिकायत की गई थी। शिकायतकर्ता झारखण्ड के पलामू चैनपुर निवासी सजाद अंसारी ने पुलिस को बताया था कि 13 दिसम्बर को चालक अमेरा खदान में कोयला लोड कराने के लिए बिलासपुर निवासी पंकज गांधी के तर्कक क्रमांक सीजी 13 एएफ 1522 को खदान में खड़ा किया था। इसके साथ ही कम्पनी के छह अन्य ट्रक भी खदान में कड़े थे। दिन में ट्रक का कांटा कराने के बाद सभी चालक ट्रकों को काटा और बैरियर के बीच खड़ा कर सो गए थे। देर रात जब चालक ने उठकर देखा तो कुछ लोग ट्रक के टंकी का लॉक तोड़कर डीजल की चोरी कर रहे थे। रात के समय डरे सहमे चालक वाहन से नीचे नहीं उतरे। अगली सुबह जब चालकों ने देखा तो ट्रकों का लॉक टूटा हुआ था और ट्रकों से डीजल चोरी हो गया था। इस मामले में 14 दिसम्बर 2024 को की गई शिकायत के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2), 309(4), 310 (2) के तहत कार्रवाई करते हुए पूर्व में डाकेश्वर उर्फ सोनू, विशाल प्रजापति, ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया था जबकि आरोपियों के बयान के आधार पर पुलिस ने पुहपुटरा चिलबिल पारा निवासी 22 वर्षीय नंद कुमार यादव उर्फ झंडू आ. अमेश्वर यादव, 21 वर्षीय तरुण कुमार उर्फ निक्कू आ. रामशंकर, 20 वर्षीय अजीत कुमार उर्फ भज्जू आ. जगतराम व 20 वर्षीय तुलेश्वर उर्फ गोई आ. मनबोध राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही घटना में प्रयुक्त रॉड, पाइप एवं डीजल चोरी करने वाला डब्बा जब्त किया हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा, उनि केके यादव, सउनि सिदयुस लकड़ा, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, प्रवीणचंद तिवारी, विजय राज, पन्ना लाल, आरक्षक अनिल पैकरा, जितेंद्र संडिल्य, चित्रसेन प्रधान, रामकुमार यादव सक्रिय रहे।



**रमज़ान मुबारक**

**नौवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.08 बजे

कल की सेहरी - 4.46 बजे




## खबर संक्षेप



### दो दिन के भीतर दो लोगों से जब्त की 359 पाव अंग्रेजी शराब

**अम्बिकापुर।** होली से पूर्व संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम की लगातार कार्यवाही जारी है जिले के गुमगा निवासी मोहरमनिया के कब्जे से मध्य प्रदेश राज्य की 109 पाव अंग्रेजी शराब एवं 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इससे एक दिन पूर्व टीम ने 250 पाव अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में आबकारी उड़न दस्ता टीम की होली के पूर्व लगातार कार्रवाई कर रही है। आज उदयपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना उदयपुर गुमगा निवासी मोहरमनिया अपने अंडा दुकान से मध्य प्रदेश की शराब एवं महुआ शराब की भारी मात्रा में बिक्री कर रही है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने मोहरमनिया के अंडा दुकान में दबिश दी और दुकान की तलाशी ली तो दुकान से 109 पाव अंग्रेजी शराब एवं 20 लीटर महुआ शराब बरामद की। टीम ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)34(2) 36 एवं 59 ( क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी नगर सैनिक गणेश पांडे एवं रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी, नीरज चौहान सक्रिय रहे। इससे पूर्व गत दिन टीम ने बलरामपुर जिले के कुर्लुडीह निवासी शिवकुमार सरोता के कब्जे से मध्य प्रदेश राज्य की पांच पेटी से 250 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया था।

### महिला को दिलाई गई 4 लाख 50 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि

# साल के पहले लोक अदालत में आपसी राजीनामा से हुआ मोटर दुर्घटना के प्रकरण का निराकरण



अधिवक्ता के साथ पक्षकार परिवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को साल के पहले नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विश्व महिला दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनवाई के दौरान आपसी राजीनामा से मोटर दुर्घटना के प्रकरण का निराकरण कर महिला को 4 लाख 50 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति दिलाई गई।

**खास बात**
- 3298 प्रकरणों का किया गया निराकरण

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को नेशनल लोक अदालत के दौरान राजीनामा के आधार पर जिला न्यायालय एवं सीतापुर न्यायालय में लंबित कुल 2229 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 4 करोड़ 54 लाख 7 हजार 293 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसके साथ ही राजस्व न्यायालय में कुल 3298 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 1 करोड़ 8 लाख 60 लाख 70 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। वहीं लोक अदालत के दौरान किशोर न्याय बोर्ड के 71 प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया। लोक अदालत के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश में आवेदिका चंदा मिश्रा ने मोटर दुर्घटना में स्वयं को गंभीर उपहति कारित हो जाने से मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा-166 के तहत 9 लाख 50 हजार रूपए क्षतिपूर्ति दिलाये जाने का दावा अनावेदक जयकुमार प्रजापति एवं टाटा एआईजी जनरल इंश्यारेंस कंपनी लिमिटेड के विरूध्द प्रकरण प्रस्तुत किया था। सुनवाई के दौरान लोक अदालत में विश्व महिला दिवस के दिन आवेदिका चन्दा मिश्रा ने अनावेदक क्रमांक 2 बीमा कंपनी से खण्डपीठ क्रमांक 1 के पीठासीन अधिकारी केएल चरयाणी के समक्ष स्वेच्छया से 4 लाख 50 हजार रूपए में राजीनामा किया है।

राजीनामा के अनुसार आवेदिका को एकमुश्त 4 लाख 50 हजार रूपए अदा करना होगा। आवेदिका ने शेष राशि का त्याग किया है। राजीनामा की राशि इस अधिनिर्णय दिनांक से 45 दिन के भीतर अधिकरण के समक्ष जमा करेगी। 45 दिवस के भीतर राशि जमा न किए जाने की स्थिति में अधिनिर्णय दिनांक से 7 प्रतिशत ब्याज भी बीमा कंपनी को भुगतान करना होगा। क्षतिपूर्ति की राशि 4.50 लाख रूपए में से 3.50 लाख रूपए आवेदिका को उसके इलाज में हुए खर्च को देखते हुए एकाउंट पेयी चेक के माध्यम से नगद अदा किए जाने एवं उसके हिस्से की राशि भविष्य में होने वाले उसके इलाज के उदेश्य से उसके नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में सावधि जमा खाते में 1 वर्ष की अवधि के लिए जमा रखने का आदेश दिया गया जिस पर अधिकरण की अनुमति के बिना कोई ऋण या भार स्वीकृत नहीं होगा तथा सावधि जमा राशि की समय पूर्व निकासी अधिकरण की अनुमति के बिना नहीं होगी।

### नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से 25 हजार से अधिक प्रकरणों का किया गया निराकरण

**सूरजपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, तालुका न्यायालय प्रतापपुर एवं जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के कोर्ट कक्ष से गोविन्द नारायण जांगड़े, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं बैंक, नगरपालिका, विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी कोर्ट में भ्रमण करते हुए सभी पीठासीन अधिकारियों एवं नियुक्त सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा प्रकरण में राजीनामा कराने का प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपसी विवाद के मामले, व्यवहार वाद, मोटर दुर्घटना दावा, परिवारिक विवाद, जिला न्यायालय में वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों एवं बैंक ऋण, विद्युत, जल के बकाया देयकों का प्री लिटिगेशन प्रकरणों को खंडपीठों के समक्ष रखे गए थे। प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में कुल 33 खण्डपीठ गठित किए गए थे। नेशनल लोक अदालत में समस्त न्यायालयों से 1893 लंबित प्रकरण एवं 27 हजार 779 प्री-लिटिगेशन प्रकरण विचारार्थ में रखे गए थे। जिसमें कुल 25 हजार 104 प्रकरण के पक्षकारों में आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कर कुल 4 करोड़ 89 लाख 47 हजार 920 रुपये का जिला द्वारा अवार्ड पारित किया गया।



## जयनगर में सामने से आ रही वाहन को बचाते अनियंत्रित होकर कार पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ओवर ब्रिज निर्माण रुकने के बाद हुए गढ्ढे में बीती रात सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में एक कार गढ्ढे में गिर गई। दुर्घटना में कार सवार बाल बाल बच गए हैं। गौरतलब है कि ग्राम जयनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर शासन के मंशानुरूप ओवर ब्रिज निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत कार्य को विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से ठेकेदार द्वारा केवल गढ्ढे की खुदाई करा दी गई और नाली निर्माण कार्य को भी अधूरा छोड़ दिया गया है।

- सड़क किनारे अधूरे छोड़े गये गड्ढे के कारण आये दिन हो रहे हादसे

इसके पश्चात विभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त कार्य पर रोक लगवा दिए जाने उपरांत एनएच विभाग द्वारा ठेकेदार द्वारा खोदे गए गढ्ढे को पाटने का काम शुरू कराया गया है, लेकिन अब भी सड़क किनारे के गढ्ढों को पाटने का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है, जिससे आएदिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इसी तारतम्य में शनिवार की रात अंबिकापुर की ओर से सुरजपुर की ओर जा रहे कार क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 3139 का चालक सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में कार सवार चारों युवक वाहन का एयर बैग की खुलने की वजह से बाल बाल बच गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा यहां पर जल्द ही यदि व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं कराया गया, तो मजबूरन उग्र आंदोलन करने बाध्य होना पड़ेगा। यहां पर लोगों को गढ्ढों के अलावा उड़ती धूल से भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**न्यायालय :- कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

व्य वाद प्रकरण क्र.-138अ/2024
प्रोसेस नम्बर- 55/2025
पेशी दिनांक 28.03.2025

**// ईश्तहार //**

(मनबोध राजवाडे प्रति प्रिया राजवाडे वगैरह)
प्रति,

मोहम्मद ईरसाद आ. अब्दुल कलाम, उम्र लग. 38 वर्ष, जाति-मुसलमान, निवासी ग्राम-परसिया, मोहल्ला चकदहियापारा, थाना-ओड़गी, तहसील-भैयाथान, जिला-सूरजपुर, (छ.ग.)

-00-

इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण कमांक 138अ/2024 पक्षकार-मनबोध राजवाड़े प्रति प्रिया राजवाड़े वगैरह, अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के प्रकरण में आप प्रतिवादी है।

अतः आपको इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.03.2025 दिन शुक्रवार को ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने न्यायमित्र/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थिति रहें।

यदि आप बताई गई उक्त तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 05.03.2025 को जारी किया गया।

(संतोष शर्मा)
न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.------- /अ-6/2024-25

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण मनोरमा पाठक पत्नि स्व. अरूण पाठक, देवेन्द्र पाठक आ.स्व. अरूण पाठक, दीक्षा पाठक पत्नि श्री अमित पाण्डेय, शिक्षा पाठक पुत्री स्व. अरूण पाठक, सभी निवासी ब्रम्हपारा अम्बिकापुर जिला सरगुजा, के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदकगण के पति / पिता अरूण पाठक एवं अनावेदकगण सुधीर पाठक, विश्वजीत पाठक आ.स्व. मनीराम पाठक वगैरह के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की नजूल भूमि, शीट नं. 08, मोहल्ला ब्रम्हपारा स्थित प्लॉट नं. 3177, 3179/1 रकबा क्रमशः 435.6, 3920.8 वर्गफीट भूमि एवं एकल स्वामित्व की भूख.क्र. 3179/2, 3179/4 रकबा 435 वर्गफीट भूमि है। भूधारक अरूण पाठक की मृत्यु दिनांक 09.06.2021 को हो गयी है। अतः भूधारक की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदकगण द्वारा फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से मृत्तक भूधारक का नाम विलोपित कराते हुये स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु भूधारक की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/03/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/02/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

## जमीन पर गिरे हाइटेंशन तार की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



रविवार की अल सुबह जमीन पर गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण सुबह सुबह डबरी की तरफ जा रहा था और बाड़ी में गिरे हाईटेशन तार की चपेट में आ गया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है जबकि सूचना के बाद मौके पर पहुची विद्युत विभाग की टीम द्वारा तार को जोडकर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल की गई।

बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम करांकी निवासी 50 वर्षीय राम लाल गोंड रविवार की सुबह 5 बजे घर से निकलकर किसी काम से डबरी की तरफ जा रहा था। इस दौरान उसका पैर जमीन पर गिरे हुए हाईटेंशन तार पर पड़ गया। हाईटेंशन तार की चपेट में आते ही ग्रामीण करेंट से बुरी तरह जल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि तार लम्बे समय से झूल रहा था और तार ठीक करने की मांग ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से की जा रही थी लेकिन इसपर ध्यान नहीं दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची विद्युत विभाग की टीम द्वारा तार जोडकर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई।

## शादी नहीं करना चाहती थी इसलिए युवती ने खुद रची अपहरण की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के कन्या महाविद्यालय के पास से बी कॉम की छात्रा के अपहरण के मामले में नया मोड़ आ गया है। छात्रा ने खुद ही अपने अपहरण की कहानी रची और अपनी सहेली के साथ हैदरा बाद भाग गई। परिजन छात्रा का विवाह कराना चाहते थे इस लिए उसने इस घटना को अंजाम दिया है।

- सहेली के साथ भाग निकली हैदराबाद, परिजन ने ली राहत की सांस

बता दें कि बौरीपारा निवासी बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया था। छात्रा शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या महा विद्यालय से पढ़ाई करने के बाद घर जाने के लिए निकली थी और उसके बाद कथित रूप से उसका अपहरण कर लिया गया। छात्रा ने खुद अपने फोन से परिजन को फोन कर अपने अपहरण की सूचना दी थी जिसके बाद हडकंप मच गया। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करने के साथ ही गौरव पथ में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही थी इसके साथ ही कुछ अन्य लोगों से भी पूछताछ की गई थी लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया था। अब यह जानकारी सामने आई है कि युवती अपनी किसी सहेली के साथ हैदराबाद चली गई है। छात्रा ने यह कदम इस लिए उठाया है क्यों की परिजन उसका विवाह कराना चाह रहे थे और युवती शादी नहीं करना चाहती थी। युवती की सहेली का मोबाइल फोन ट्रेन में ट्रेस हुआ है। हालांकि फिलहाल पुलिस छात्रा के हैदराबाद पहुंचने का इंतजार कर रही है। युवती को बरामद करने के लिए एक टीम को भी हैदराबाद भेजे जाने की बात कही जा रही है। थाना प्रभारी मणिपुर अखिलेश सिंह ने बताया कि युवती का लोकेशन मिल गया है। वह हैदराबाद की ओर जा रही है। एक टीम को हैदराबाद भेजा जाएगा। इस जानकारी के बाद परिजन व पुलिस ने राहत की सांस ली है।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 23 मार्च 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग सम्बंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनाँक - 09 मार्च, 2025
दिन - रविवार सुबह 11 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। पेशाब बूंद-बूंद पर होना।
पेशाब में जलन। गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
प्रोस्टेट बढ़ जाना। पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
पेशाब बार-बार होना। पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
किडनी, पेशाब थैली। अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

रांची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 9 मार्च 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 8 मार्च 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
जटिल अस्थमा (दमा)
टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
छाती में भारीपन और सांस फूलना
छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
खांसी में खून आना

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालज्ञ स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर
समयनुसार मिलें
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिक एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भुवन शर्मा
MD, DM (Neurologist)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ...
डॉ संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine (Delhi)
DM ( Gastro) BHU Varanasi
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. करण सराफ
M.D. (MEDICINE), DM (Nephrology)
छ.ग. के विशेष स्पाईन एण्ड पेन मैनेजमेंट
डॉ. बी. मिंज
MBBS,MD FIPM (Fellowship in Pain Management)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
09 मार्च 2025 प्रत्येक माह के दूसरे रविवार
रायपुर के सुप्रसिद्ध स्पाईन सर्जन एवं न्यूरोसर्जन
डॉ. मनीष टावरी MS, MCH (Nerosurgery)
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
ऑपरेशन द्वारा ईलाज
नाक की प्लास्टिक सर्जरी
एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
गले की लेजर सर्जरी
खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
दांतो की नसों का इलाज
दांतों की सफाई व चमकाना
दंत प्रत्यारोपण
मुंह के कम खुलने का इलाज
दांतों में ज्वेलरी लगाना
बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप



### विधायक की उपस्थिति में नप अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

**कुसमी।** नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 15 वार्डो के नवनिर्वाचित पार्षदों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। एसडीएम करुण डहरिया के दिशा निर्देश में शपथ समारोह कराया गया। नप अध्यक्ष राजेंद्र भगत ने शपथ ग्रहण करने के पश्चात ने कहा कि नगर पंचायत के विकास कार्य में कही भी कमी नहीं होंगी, कुसमी नगर पंचायत में सभी पार्षदों के साथ मिलकर सर्वांगीण विकास किया जाएगा। नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज ने नगर पंचायत के विकास कार्य कराने की बात कही। विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि कहा कि केंद्र से लेकर राज्य तक भाजपा की सरकार है। जिला पंचायत से लेकर लगभग सभी निकायों में भाजपा के पदाधिकारी निर्वाचित होकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर विराजमान हुए है। सभी जगह ग्रामीणों की मांग के अनुसार सर्वांगीण विकास किया जाएगा। विकास कार्य में पैसे की कमी नहीं होने देंगे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद निर्वाचन आयोग के नियमानुसार नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी एसडीएम करुण डहरिया के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई। नपं उपाध्यक्ष पद हेतु आनंद जायसवाल, अजय सिंह उर्फ बबलू सिंह, व वाहिद अंसारी ने फार्म भरा। किसी कारण वश फार्म भरने में त्रुटिवश पाए जाने पर अजय सिंह उर्फ बबलू सिंह का फार्म निरस्त किया गया। आनंद जायसवाल एवं वाहिद अंसारी के बीच चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। भाजपा समर्थित आनंद जायसवाल को 16 मत में से 10 मत प्राप्त हुए, वही कांग्रेस के वाहिद अंसारी को 4 मत प्राप्त हुए। 1मत भाजपा एवं 1 मत कांग्रेस का क्रॉस वोटिंग के चलते निरस्त किया गया।

### ग्राम पंचायत बगड़ा में सरपंच का 30 साल उपसरपंच का टूटा 45 वर्षों का रिकार्ड



**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत बगड़ा के एक ही मोहल्ले दादुरापारा से 30 वर्षों से सरपंच निर्वाचित होते थे। जिसका रिकार्ड वर्तमान चुनाव में टूट गया। वर्तमान में बगड़ा की जनता ने 30 वर्षों का रिकार्ड तोड़कर सरपंच, उपसरपंच एवं पंच युवाओं को अवसर दिया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सभी प्रतिद्धदी को पीछे छोड़ते हुए राम सिंह ने सरपंच पद में जीत हासिल किया । नवनियुक्त सरपंच ने ग्रामवसियों को भरोसा दिलाया है कि दिए गये दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। इधर विगल 45 वर्षो से ग्राम पंचायत बगड़ा के गौटिया को उपसरपंच के पद की जनता एवं पंचों द्वारा निर्विरोध दिया जाता था। वर्तमान में उनके चुनाव नहीं लड़ने से वार्ड क्रमांक 18 से प्रतिद्वंदी को हराकर पंच बने द्वारिकाधीश तिवारी को समस्त पंचों के सर्वसम्मति से निर्विरोध उपसरपंच बनाया गया है।

### महिला दिवस पर पुलिस को ऑपरेशन मुस्कान के तहत मिली सफलता

**राजपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला के अवसर पर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने तीन अपहृत बालिकाओं को बैंगलुरू, दिल्ली व कटघोरा से बरामद किया है। इसके साथ ही दो प्रकरण में आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी कुमार चन्दन सिंह ने बताया कि थाने में परिजन द्वारा नाबालिग लड़कियों के घर से बिना बताए कहीं जाने व अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण किए जाने की शंका जाहिर की थी। प्रकरण में पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस दौरान एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी एमानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान साइबर सेल से मिली जानकारी और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम को अलग अलग राज्यों में रवाना किया गया था। इस दौरान पुलिस ने बेंगलुरु, दिल्ली और कटघोरा में छापेमारी कर अपहत बालिकाओं को बरामद किया गया। बालिकाओं के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया और बालिकाओं को उनके परिजन के सुपुर्द किया गया। महिला दिवस पर थाना प्रभारी राजपुर व पदस्थ महिला पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, उनि दिनेश राजवाडे, सउनि कल्पना, प्रधान आरक्षक रिंकु गुप्ता, श्याम लाल भगत, आरक्षक जनक सेन, विजय पैकरा, अमृत सिंह, नरेन्द्र कश्यप, रूपेश गुप्ता, सुनील तिर्की, महिला आरक्षक लखमनी पैकरा, रेश्मा कुजूर, अलमा, प्रफुल्ल टोप्पो एवं सायबर सेल बलरामपुर प्रधान आरक्षक नागेन्द्र पाण्डेय, आरक्षक प्रशांत भगत, मंगल सिंह, आकाश तिवारी, सक्रिय रहे।

## विरोध कर रहे ग्रामीण से इंजीनियर ने किया धक्का मुक्की, थाने में शिकायत

# घटिया सड़क निर्माण पर भड़के ग्रामीण, कराया काम बंद



विरोध करते ग्रामीण।



उमखड़ी नवनिर्मित सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय कार्यो पर न सिर्फ लापरवाही बरती जा रही है बल्कि घटिया निर्माण कार्य का विरोध करने पर ठेकेदार के इंजीनियर ग्रामीणों को धमकाना शुरू कर दिया। गत दिन घटिया निर्माण का जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो इंजीनियर द्वारा ग्रामीणों से विवाद करने के साथ ही मारपीट करना शुरू कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और घटिया निर्माण कार्य को बंद करा दिया। साथ ही इंजीनियर द्वारा मारपीट करने की शिकायत सीतापुर थाने में की।

**खास बात**

- ग्राम महेशपुर से नकना तक 482 .57 लाख की लागत से बन रही सड़क

ग्राम पंचायत नकना में ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही सड़क निर्माण की मांग पर 482.57 लाख की लागत से ग्राम पंचायत नकना में ग्राम महेशपुर से नकना तक कुल 6 .30 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जन मन योजना से बनने प्रशासकीय स्वीकृति हुई। आजादी के बाद बन रही डामरीकृत सड़क से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा होने की आस लगी। ग्रामीणों की आस उस समय निशारा में बदल गई जब ठेकेदार द्वारा मानक को दरकिनार कर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया। सड़क के बनने ही उखड़ जाने पर ग्रामीण जब गुणवत्तायुक्त सड़क निर्माण कराने की मांग की तो इंजीनियर विजयकांत चतुर्वेदी ग्रामीणों से ही उलझ गया। घटना की जानकारी लगते ही ग्राम पंचायत नकना के ग्रामीण मानवेल, पतरस, देवनाथ, सोमारसाय, मनोज, प्रवीण, बृजनंदन, मुनेश्वर, मदन,परदेशी, गणेश, रंजीत, सहतो, परमानन्द तिर्की,मनोज तिग्गा, बलराम ने सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों को घटिया निर्माण कार्य को बंद करवा दिया और अच्छी गुणवत्ता युक्त कार्य करने को कहा गया जिस पर मौके पर मौजूद सड़क निर्माण ठेकेदार के इंजिनियर विजयकांत चतुर्वेदी द्वारा बलराम का कालर पकड़ कर उसके साथ धक्का मुक्की करना शुरू किया और पास में खड़े ग्रामीण मनोज तिग्गा और परमानन्द तिर्की को मारपीट कर भगा दिया। जैसे ही मारपीट की घटना की खबर गांव में फैली ग्रामीण एकजुट होकर सड़क निर्माण कार्य को बंद करवा दिए।

### मिट्टी के ऊपर ही कर दिया डामरीकरण

ग्रामीणों का आरोप ठेकेदार द्वारा मानक अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है। नक़ना पहाड़ पारा में घाट कटिंग भी नहीं किया गया है। साथ ही बहुत लंबा ढलान छोड़ा गया है जिससे सड़क बनने के बाद आए दिन दुर्घटना का शिकार ग्रामीण होंगे। डामरीकरण के दौरान ठेकेदार द्वारा मिट्टी के ऊपर ही डामरीकरण किया जा रहा है जिससे सड़क बनते ही उखड़ना शुरू हो गया है। ठेकेदार द्वारा मानक अनुरूप जेएसबी और गिट्टी का उपयोग नहीं किया गया है जिससे सड़क की गुणवत्ता कितने दिनों तक टिकी रहेगी यह आसानी से समझा जा सकता है।

### नियत तिथि तक कार्य करने कर दिया घटिया निर्माण

ग्राम पंचायत नकना में ग्राम महेशपुर से नकना तक कुल 6 .30 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण हेतु प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जन मन योजना से बनने प्रशासकीय स्वीकृति हुई। 482.57 लाख की लागत से बन रही सड़क का प्रारंभ 5 मार्च से शुरू किया गया जिसे पूर्ण करने की तिथि 20 मार्च है। ऐसे में ठेकेदार द्वारा जमकर लापरवाही बरती जा रही है। सड़क निर्माण में की जा रही है नियत दिनांक तक कार्य पूरा करने सड़क निर्माण कंपनी एल एल पी के ठेकेदार रायगढ़ निवासी सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा शासकीय अधिकारियों से मिलीभगत कर खुलेआम घटिया निर्माण कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है।

### दोनों पक्षों ने की है शिकायत

ग्राम पंचायत नकना में सड़क निर्माण के दौरान हुए मारपीट के संबंध में दोनों पक्षों ने शिकायत की है। दोनों पक्षों का मुलाहिजा कराया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-प्रदीप जायसवाल
थाना प्रभारी सीतापुर

### ग्रामीण व इंजीनियर के बीच हुआ है विवाद

ग्राम नकना में डामरीकरण कार्य शुरू किया गया था। जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा किया गया। सड़क निर्माण के संबंधित इंजीनियर को मारपीट में चोट आई है और इंजीनियर अस्पताल में भर्ती है।

-विकास कौशिक
ई पीएमजीएसवाई

बड़ी संख्या में ग्रामीणों के एकत्र हो जाने पर सड़क निर्माण के इंजिनियर सहित कर्मचारी मौके से फरार हो गए। इंजीनियर व ग्रामीणों के बीच विवाद होने की जानकारी लगने पर सीतापुर थाना प्रभारी अनूप एक्का मौके पर पहुंच गांव में कोई अप्रिय घटना न हो इसे लेकर ग्रामीणों को समझाइश दी गई। इस दौरान ग्रामीण एक ही मांग करने लगे कि अच्छी गुणवत्ता युक्त कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा कराई जाए नहीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## बाइपास रिंग रोड की मांग पर वर्षों बाद भी नहीं हुई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय में बाईपास सड़क नहीं होना स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वर्षों से जिला मुख्यालय में रिंग रोड बाई पास मार्ग की मांग हो रही है। हैरानी की बात तो यह है कि मंत्री के आश्वासन के बाद एक साल बाद भी अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो पाई और आलम यह है कि शहर में वीआईपी मूवमेंट होने पर मुख्य मार्ग को बंद कर दिया जा रहा है। एक बार फिर वीआईपी मूवमेंट के नाम पर भारी वाहनों को औराझरिया घाट पर रोक दिया गया और एनएच पर घंटों काम की स्थिति बनी रही और लोग जाम में फंसकर भूखे प्यासे परेशान होते रहे।

- वीआईपी मूवमेंट के नाम पर जंगल में रोक दे रहे वाहनों को, लोगों की बढ़ी परेशानी

बता दें कि जिला बनने के बाद विगत 12 वर्षों से जिला मुख्यालय में बाईपास रिंग रोड निर्माण की मांग की जा रही है। रिंग रोड निर्माण को लेकर विधानसभा चुनाव के दौरान कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक ने आश्वासन भी दिया था लेकिन सरकार गठन के एक साल बाद भी अब अब तक बाईपास निर्माण को लेकर पहल नहीं की गई। नगर में बाईपास सड़क नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है क्यों कि मुख्यालय से अम्बिकापुर-रामानुजगंज गढवा राष्ट्रीय राजमार्ग होकर गुजरती है और इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है। भारी वाहनों को नगर के बीच से गुजरना पड़ता है जिससे नगर में भी आए दिन दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है। इस दौरान अगर किसी वीआईपी का आगमन होता है तो सुरक्षा की दृष्टि से नगर से होकर गुजरने वाले वाहनों को रोक दिया जाता है। शनिवार को भी कृषि मंत्री रामविचार नेताम के आगमन व प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर सभी भारी वाहनों को सुबह 11.30 बजे से लगभग 2.30 बजे तक बलरामपुर मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर औराझरिया घाट पर ही रोक दिया गया था ताकि मुख्यालय के अंदर ट्रैफिक का दबाव न पड़े और कार्यक्रम में कोई बाधा उत्पन्न ना हो। इस दौरान 100 से भी ज्यादा भारी वाहनों को लगभग तीन घंटे रोक करके रखा गया। जाम के कारण वाहन चालक के साथ ही राहगीर भी जंगल में फंसे रहे और उनकी समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। यह कोई पहला मामला नहीं है जब वाहनों को नगर के बाहर रोक दिया गया है आए दिन नगर में इस तरह की स्थिति उत्पन्न होती रहती है लेकिन आवागमन हेतु बाईपास रिंग रोड के निर्माण को लेकर ना तो जनप्रतिनिधि रूचि ले रहे है और ना ही अधिकारियों द्वारा कोई पहली की जा रही है जिसे लेकर लोगों में भी नाराजगी है।



सड़क के किनारे लगी ट्रकों की कतार।

## नव निर्वाचित नपं अध्यक्ष धरम सिंह व पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



समर्थकों के साथ नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष।

शनिवार को नगर नगर पंचायत के अध्यक्ष व पार्षदों के शपथ ग्रहण के साथ ही उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव के दौरान भाजपा से संजय सिंह को निर्विरोध नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुना गया। बता दें कि शनिवार को नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह महुआपारा हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई।

- संजय सिंह निर्विरोध चुने गए उपाध्यक्ष

विधायक की मौजूदगी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष धरम सिंह व पार्षदों को एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू की गई। उपाध्यक्ष पद के लिए सिर्फ एक नामांकन पत्र वार्ड क्रमांक 8 से पार्षद संजय सिंह ने दाखिल किया। जिसके बाद संजय सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। बता दें कि उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद व भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह का नाम लगभग तय माना जा रहा था। इस चुनाव में राजपुर नगर पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष सहित नौ पार्षद जीत कर आये थे जबकि कांग्रेस से तीन पार्षद एवं तीन निर्दलीय पार्षदों ने बाजी मारी थी। नगर पंचायत राजपुर में नौ पार्षद एवं अध्यक्ष के जीतने के बाद पुर्ण बहुमत में आने से यह तय हो गया था कि उपाध्यक्ष भाजपा से ही बनेगा। बीच में उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से ही एक अन्य महिला पार्षद का नाम सामने आने लगा था परंतु उपाध्यक्ष चुनाव के पूर्व भाजपा संगठन से उपाध्यक्ष पद हेतु संजय सिंह का नाम आने के बाद सभी भाजपा पार्षदों ने समर्थन किया। शपथ ग्रहण के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह उपाध्यक्ष संजय सिंह एवं अन्य सभी पार्षदों का गर्मजोशी के साथ फूलमालाओं से स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष धरम सिंह एवं उपाध्यक्ष संजय सिंह ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जाएगा। जो भी निर्माण कार्य लंबित है उसे जल्द पूरा कराया जाएगा।नगर के विकास के लिए रोडमैप तैयार कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाएगा। कहीं भी कार्य मे गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिलती है तो ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा।

## बिना अनुमति नीलगिरी लकड़ी परिवहन करने की शिकायत, वन विभाग ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जब्त लकड़ी।

आरटीआई कार्यकर्ता डा.डीके सोनी ने वन परिक्षेत्र लखनपुर अंतर्गत जय दुर्गा राइस मिल के बगल में, गौरव पथ के ब्रिक्स मोड़, अंधला, गोरता में तस्करों द्वारा नील गिरी के हजारों पेड़ काटकर भंडारित करने एवं बिना बीट पास के उत्तरप्रदेश के रास्ते हरियाणा परिवहन करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने वन अधिकारी की मिलीभगत से निजी भूमि की लकड़ी अनुविभागीय अधिकारी एवं वन विभाग से अनुमति लिये बिना बड़े पैमाने पर यूके लिप्टस की तस्करी करने, पेड़ों के डंगाल को जलाकर कोयला बनाकर विक्रय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि तस्कर 10 से 15 स्थानों पर बड़े-बड़े ईंट से चिमनी बनाए हैं जहां रात-दिन लकड़ी जलाकर कोयला बनाया जा रहा है तथा प्रशासन मौन है। उन्होने मामले की शिकायत डीएफओ से की है तथा डीएफओ पर राजस्व का मामला बताकर पल्ला झाड़ने का आरोप लगाया है उन्होंने बताया कि शिकायत पर राजस्व अधिकारी वन विभाग का मामला बताकर तस्करों को लकड़ी काटने की छूट दे दी है। इस संबंध में डीएफओ थेजस शेखर ने बताया कि एसडीएम की अनुमति के बिना नीलगिरी के सैकड़ों पेड़ काटने एवं बिना अनुमति परिवहन के लिए अलग-अलग स्थानों पर भंडारित करने की जानकारी मिली। विभाग द्वारा 15 ट्रक से अधिक नीलगिरी की लकड़ी जब्त की गई है। एसडीएम की अनुमति के बिना नीलगिरी की लकड़ी काटकर भंडारित किया गया है।



## त्रिकोणीय मुकाबले में नारायण सांडिल्य बने उपसरपंच

**राजपुर।** शनिवार को ग्राम पंचायत नवकी में भारी गहमागहमी के बीच उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। त्रिकोणीय मुकाबले में नारायण सांडिल्य ने अपने दोनों प्रतिद्वंद्वियों को हराते हुए उपसरपंच पद पर जीत हासिल की। राजपुर मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत नवकी में उपसरपंच पद के लिए भारी गहमागहमी देखने को मिली। इस पंचायत में उपसरपंच पद हेतु नारायण सांडिल्य सहित इन्दू उपाध्याय एवं परमेश्वर आयाम ने अपनी दावेदारी पेश की। त्रिकोणीय मुकाबले में नारायण सांडिल्य ने अपने दोनों प्रतिद्वंद्वी को हराते हुए उपसरपंच पद पर जीत हासिल की। नारायण सांडिल्य को 8 मत, इऽन्दु उपाध्याय को 7 मत मिले वहीं परमेश्वर आयाम को महज 5 मत ही मिले। नारायण सांडिल्य के जीत के बाद उनके समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया एवं जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार लकड़ा ने निर्वाचन के बाद नवनिर्वाचित उपसरपंच नारायण सांडिल्य को प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर एक ज्ञानानंद कोलता, संतोष सोनी, लोकेश्वर सांडिल्य, सहित अन्य मौजूद थे।

## नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सदस्यों ने किया शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



जनपद पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष समेत सभी जनपद सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो शामिल हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में भारत सिंह सिसोदिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल सिंह मेजर अखिलेश सोनी एवं त्रिलोक कपूर कुशवाहा मौजूद रहे। मंचस्थ सभी अतिथियों का जनपद पंचायत द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एस के मरकाम ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। जिसके बाद नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल समेत निर्वाचित सभी जनपद सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि वो पूर्व में एक कर्मचारी के रूप में जनपद पंचायत में कार्य कर चुकी है इस नाते क्षेत्र के लोगों की समस्या एवं परेशानियों से वाकिफ है। इसके अलावा नगर समेत क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था काफी लचर है। मैं जनपद अध्यक्ष होने के नाते दूर दराज क्षेत्र से अपनी समस्या एवं परेशानी लेकर जनपद पंचायत आने वाले लोगो की समस्या दूर करने की भरसक कोशिश करूंगी। अभियान चलाकर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने का काम करूंगी। वही जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि आज तक जनपद पंचायत में सालों से परिवारवाद हावी था जिसकी वजह से लोक कल्याण के सारे काम कागजों पर हुआ करते थे। अब हमारी सरकार जनपद पंचायत में आई है जो शासन की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचायेगी। इसके अलावा जनपद पंचायत में होने वाले सारे कार्यो में अब पारदर्शिता लाई जायेगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुशील मिश्र एवं आभार प्रदर्शन एसडीओ आरईएस अमित मिश्रा ने किया। इस अवसर पर भाजपा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता, समर्थक एवं काफी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## दिनेश सिंह चुने गए निर्विरोध उपसरपंच

**सोनगरा।** जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत बरौधी में शनिवार को हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से दिनेश को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया। जिससे यह निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। उपसरपंच दिनेश सिंह ने सभी पंचों एवं प्रमुखों का आभार जताते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। ग्राम पंचायत बरौधी के सरपंच बिनोद किंडो ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि दिनेश सिंह के नेतृत्व एवं सहयोग में पंचायत में लगातार पहले के अपेक्षा जनहित में प्रभावी कार्य होंगे। इस दौरान रामकुमार राजवाड़े, मगतु राम, किरण राजवाडे, दिनेश सिंह चौहान, सुखलाल हरिजन, निर्मला किण्डो, सुहानी बाई, ललीता, मनोज उरांव, भगतु राम, सुमित्रा राजवाडे, हेमंत कुमार उरांव, संतोषी नगेशिया, भुनेश्वरी राजवाडे, धरमवीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### सकलपुर ग्राम पंचायत में उपसरपंच बने घूरसाय यादव

सकलपुर ग्राम पंचापत उपसरपंच के निर्वाचन में घूरसाय यादव ने जीत हासिल की। उपसरपंच पद के लिए धूर साय यादव व चुन्नू लाल राजवाड़े ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान के पश्चात घूरसाय यादव को 12 मत मिले जबकि चुन्नूलाल राजवाड़े को 7 मत मिले जिससे घूरसाय यादव ने 5 मतों से जीत हासिल की। इसी तरह ग्राम पंचायत श्यामनगर में राजकुमार राजवाड़े ने भी अपने प्रतिद्धंदी हरवंशलाल यादव से 5 मतो से जीत हासिल का निर्वाचित हुए. बोझा में खगेश मिश्रा , मायापुर द्वितीय में देवा पैंकरा , झिंगादोहर पंचायत में मोहरलाल पण्डो, शंकरपुर पंचायत में श्रीमती रामेश्वरी कोर्चो को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया व सुखदेवपुर पंचायत में लेश कुमारी को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया साथ ही सोनगरा में तारा देवी ने 1 वोट से जीत हासिल कर उपसरपंच बनी।

9 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/9/2025 9:32 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### देवेन्द्र विश्वकर्मा बने डौरा-कोचली तहसील पटवारी संघ एक अध्यक्ष

**बलरामपुर।** डौरा-कोचली तहसील के पटवारियों की बैठक का आयोजन कर कार्यकारणी का गठन किया गया। राजस्व निरीक्षक परशुराम भगत व पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित डौरा-कोचली तहसील के पटवारियों की बैठक में सर्वसम्मति से देवेंद्र विश्वकर्मा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष अवधेश यादव, सचिव रोहित केरकेट्टा, कोषाध्यक्ष शुभम बघेल, प्रवक्ता केंद्र विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी वशिष्ठ नारायण सिंह, संरक्षक सुनील चेरवा, विशिष्ट कार्यकारिणी सदस्य कुजूर को निर्वाचित किया गया। निर्वाचन उपरांत मुख्य अतिथियों पर्यवेक्षक के द्वारा उनके जिम्मेदारियां को पटवारी हित में निर्वहन करने के का आह्वान किया।

### बलरामपुर पटवारी संघ की अध्यक्ष बनी सुरभि दास



**बलरामपुर।** बलरामपुर राजस्व निरीक्षक कार्यालय में पटवारी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बलरामपुर तहसील के पटवारी संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती सुरभि दास को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष के लिए सुश्री करुणा नाग, उपाध्यक्ष दिलीप जाटव, सचिव्न सत्यजीवन रवि, सह सचिव सौरभ जायसवाल, कोषाध्यक्ष सुदेश्वर सिंह, प्रवक्ता वशिष्ठ सिंह, मीडिया प्रभारी अमित श्रीवास्तव, संरक्षक विजय लकड़ा, श्रीमती धनकुंवर भगत, श्रीमती मंजरी कुर्रे, खिलवंती नायक, प्रमुख कार्यकारी सदस्य में पंकज कश्यप सैमसग कुजूर को नियुक्त किया गया। इस दौरान तहसील बलरामपुर के समस्त पटवारी पर्यवेक्षक कृष्ण सिंह राजस्व निरीक्षक परशुराम भगत आदि उपस्थित रहे।

### साक्षर भारत अभियान के तहत महापरीक्षा 23 को



**बलरामपुर।** साक्षर भारत अभियान के तहत महा परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। 23 मार्च को होने वाले महा परीक्षा को लेकर जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा अभियान के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। साक्षर भारत के जिला परियोजना अधिकारी हीरालाल पटवा ने बताया कि जिला कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में सभी विकासखंड परियोजना अधिकारी, रिसोर्सपर्सन एवं कुशल प्रशिक्षकों के बैठक आहूत की गई। बैठक में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 मार्च को लेकर के चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि उल्लास भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा असाक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आंकलन परीक्षा के तहत जिला बलरामपुर में 28 हजार 200 असाक्षरों को साक्षर करने एवं शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में जिले के सभी केंद्र में होने वाले महापरीक्षा अभियान को लेकर के पेयजल, विद्युत सहित अन्य तैरियाओं को लेकर चर्चा कर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी एचएल पटवा, विकासखंड के परियोजना अधिकारी एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बैल की हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार




**राजपुर।** बैल की हत्या के मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मृत बैल का पीएम कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम कंडा निवासी 50 वर्षीय राम विलास यादव आ. राम प्रासाद यादव ने थाने में शिकायत दर्ज काई थी कि माधव कोड़ाकू, सुदेश्वर कोड़ाकू व संतोष कोड़ाकू द्वारा 7 मार्च की रात एक बैल को ग्राम कंडा मचवा खाली में गर्दन काटकर हत्या की गई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मूलतः बलरामपुर कोलिया दामर हाल मुकाम ग्राम कंडा निवासी 23 वर्षीय संतोष कोड़ाकू आ. स्व. रमेश कोड़ाकू, कंडा निवासी 35 वर्षीय माधो आ. फूलसाय कोड़ाकू व 32 वर्षीय सुदेश्वर आ. रमेश कोड़ाकू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 325, 3(5) एवं 4, 10 छग कृषक पशु परि. अधिनियम 2004 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## व्यावसायिक उपयोग के लिए तस्कर बिना अनुमति ले जा रहे यूपी

# सेमल एवं नीलगिरी के हरे-भरे पेड़ों की बेखौफ चढ़ाई जा रही बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा सहित पूरे संभाग में व्यावसायिक उपयोग के लिए सेमल एवं नीलगिरी के पेड़ों की धड़ल्ले से अवैध कटाई एवं परिवहन किया जा रहा है। तस्कर बिना अनुमति लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं दबंगों के साथ मिलकर कड़े प्रावधानों से मुक्त प्रजाति के पेड़ों को काटकर मोटी कमाई कर रहे हैं।

**खास बातें**

- एक साल से चल रहा अवैध कटाई एवं परिवहन का खेल
- वन विभाग ने मेंड्राकला में जब्त किया 20 ट्रक नीलगिरी का लट्ठा

छत्तीसगढ़ शासन ने कुछ प्रजाति के पेड़ों को छोड़कर अन्य के काटने के लिए कड़े नियम बनाए हैं। प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों को काटने के लिए भूमि स्वामी को राजस्व एवं वन विभाग के सत्यापन के बाद अनुमति प्रदान की जाती है। इसके विपरीत राजस्व भूमि में लगे नीलगिरी, सेमल, बबूल सहित अन्य मुक्त प्रजाति के पेड़ों को काटने के लिए एसडीएम की अनुमति लेने को आवश्यक किया गया है। पेड़ों से जुड़ा मामला होने के कारण राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी से लेकर अन्य लोग इसे वन विभाग से संबंधित मामला मानते हैं। यही कारण है कि पेड़ों के मामले में गांव-गांव में दखल होने के बावजूद राजस्वकर्मी रूचि नहीं लेते। राजस्व कर्मियों की लापरवाही का तस्कर जमकर फायदा उठा रहे हैं तथा प्रशासन की अनुमति लिए बिना मुक्त प्रजाति के हरे-भरे पेड़ों की न केवल बलि चढ़ा रहे हैं बल्कि काटी गई लकड़ियों को दूसरे राज्य ले जाने के लिए परिवहन की भी अनुमति नहीं ले रहे हैं। वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन पर लगाम कसने जगह-जगह नाका स्थापित कर 24 घंटे कर्मचारियों को तैनात किया है लेकिन तस्कर नाका पर तैनात कर्मचारियों को पैसे देकर बिना ट्रांजिट पास हजारों ट्रक सेमल एवं नीलगिरी के लट्ठे पार कर चुके हैं।



तस्करों के द्वारा संग्रहित नीलगिरी के लट्ठे।

### खत्म हो गए सेमल के पेड़

तस्करों द्वारा मुक्त प्रजाति के पेड़ों को काटकर यूपी ले जाने का खेल पिछले एक साल से चल रहा है। पूर्व में यूपी से आए लोग राजस्व भूमि में लगे सेमल के पेड़ों को बिना अनुमति काटकर ले जा रहे थे। जागरूक लोगों ने इसकी शिकायतें भी की। इस संबंध में खबरें भी छपीं लेकिन प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। यह जानकर हैरानी होगी कि तस्करों ने सेमल वृक्षों का पूरी तरह सफाया कर दिया है। हाल ही में सूरजपुर जिले में भी नीलगिरी के पेड़ों की बेखौफ कटाई करने का मुद्दा गरमाया था। मामले में वन एवं राजस्व अधिकारी एक-दूसरे को जिम्मेदार बताकर चुप्पी साधे थे।

#### एसडीएम की अनुमति जरूरी

वन मण्डलाधिकारी थेजस शेखर ने बताया कि राजस्व क्षेत्र की निजी भूमि पर लगे नीलगिरी के पेड़ों को काटने के पूर्व एसडीएम की अनुमति जरूरी है। एसडीएम की अनुमति के आधार पर वन विभाग परिवहन के लिए ऑनलाइन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करता है। वन विभाग इस संबंध में समय-समय पर टिम्बर मार्चेंट एसोसिएशन एवं अन्य सार्वजनिक मंचों के माध्यम से लोगों को जागरूक करता है। मामले में पेड़ों को काटने के पूर्व न तो एसडीएम से अनुमति ली गई है न ही वन विभाग ने परिवहन की अनुमति दी है। ऐसे में वन विभाग प्रकरण बनाकर जांच के लिए राजस्व विभाग को सौंपने की तैयारी कर रहा है।

तस्करों का यह खेल पिछले एक साल से चल रहा है। यूपी से बड़ी संख्या में तस्कर आए हैं तथा अपना ईलाका बांटकर विभिन्न गांवों में नीलगिरी के पेड़ों को काटकर जगह-जगह भंडारित कर रहे हैं जबकि दल के दूसरे सदस्य नीलगिरी लट्ठों को ट्रकों से यूपी ले जा रहे हैं। सरगुजा में इमारती लकड़ियां आसानी से उपलब्ध होने के कारण लोग नीलगिरी की लकड़ी का उपयोग नहीं करते। इसके विपरीत यूपी में लकड़ी उपलब्ध नहीं होने के कारण बबूल, नीलगिरी सहित मुक्त प्रजाति की लकड़ियों की भी महंगी कीमत मिलती है तथा इसका उपयोग फर्नीचर, पार्टिकल बोर्ड, प्लाई बोर्ड, कार्डबोर्ड निर्माण सहित अन्य व्यावसायिक कार्यों में किया जाता है। शुक्रवार को तस्करों ने बड़े पैमाने पर नीलगिरी के लट्ठे मेंड्राकला में संग्रहित किया गया था तथा लट्ठे को यूपी ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इसकी सूचना पर कलेक्टर विलास भोस्कर एवं राजस्व व वन विभाग की टीम पहुंची तथा मेंड्राकला में एकत्र की गई 20 ट्रक नीलगिरी की लकड़ी जब्त की।

#### खत्म हो गए कई राजस्व जंगल

वन विभाग ने राजस्व भूमि के संरक्षण के लिए पूर्व में जगह-जगह बड़े इलाके में पौधरोपण किया था जो अब अच्छा जंगल बन गया है। अब वन अमला इस राजस्व जंगल की निगरानी नहीं करता । राजस्वकर्मी भी ऐसे वनों का ध्यान नहीं रखते। दोनों विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का फायदा स्थानीय लोगों की मिली भगत से तस्कर उठाते हैं। वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर एवं रघुनाथनगर के बड़े राजस्व जंगल के हजारों पेड़ों को तस्करों ने काटकर दूसरे राज्यों में भेज दिया और अधिकारी एक दूसरे को जिम्मेदार बताकर मूक दर्शक बने रहे। अन्य राजस्व वन भी ठूंठ में तब्दील हो गए हैं।

#### राजस्व विभाग करेगा जांच

नीलगिरी के पेड़ों को काटने की अनुमति राजस्व विभाग प्रदान करता है इसलिए मामले की जांच राजस्व विभाग करेगा। प्रकरण तैयार कर राजस्व विभाग को भेजा जा रहा है।

-निखिल पैकरा, रेंजर



## त्यौहारों को लेकर जयनगर थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

आपसी तालमेल व भाईचारे के साथ होली त्यौहार को मनाएं। किसी की भावनाओं को ठेस बिल्कुल नहीं पहुंचाएं। समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने सभी के सहयोग की जरूरत है।

उक्त बातें पुलिस थाना जयनगर प्रांगण में जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह ने रविवार को शांति समिति की बैठक में उपस्थित जनों से कही।उन्होंने यहां पर सर्वप्रथम सभी पंचायतों से आए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने में जनप्रतिनिधियों से सहयोग करने का आह्वान किया। टीआई ने यहां पर नवनिर्वाचित उपस्थित जनप्रतिनिधियों को कानूनी जानकारी भी उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि होली व रमजान का पर्व इन दिनों साथ साथ चल रहा है। साथ ही परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। ऐसी स्थिति में तेज ध्वनि में बाजा का उपयोग ना करने की बात भी कही। कीचड़, पेंट, मोबिल का उपयोग नहीं करने की बात कही गई। किसी को भी जबरन रंग ना लगाई जाए और किसी के साथ जबरन चंदा की वसूली नहीं की जाए। साथ ही नशे की हालत में वाहन बिल्कुल न चलाएं। बैठक में उपनिरीक्षक सोहन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक विशाल मिश्रा व रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक राजेंद्र एक्का, दीपक दुबे, आरक्षक विकास मिश्रा के अलावा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।




### होली के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक

**राजपुर।** होली त्यौहार के मद्धेनजर रविवार को तहसीलदार अश्विनी कुमार चंद्रा और थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नागरिकों से शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही समझाईस दी गई कि त्यौहार के दौरान यदि कोई शांति भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में तहसीलदार अश्वनी कुमार चंद्रा ने कहा कि होली त्यौहार में पहली बार इतनी अधिक संख्या में ग्रामीण जन की भीड़ हुई है। आगामी त्यौहार को सभी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आह्वान किया है और कहा कि जो भी व्यक्ति शांति भंग अगर करेंगी उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से वरिष्ठ नागरिकों को बुलाया गया है और काफी संख्या में ग्रामीण जल उपस्थित हुए हैं सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी आगमित त्योहार होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये। विधायक प्रतिनिधि व जनपद सदस्य शिवनाथ जायसवाल ने कहा कि पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में दो पक्ष चुनाव लड़ते हैं और दोनों में काफी टकराव होता है। आने वाले त्यौहार में इस सभी बातों को भूल जाए और होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं ताकि क्षेत्र में शांति का वातावरण बना रहे। इस अवसर में नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, प्रदीप जायसवाल, संतोष सिंह, सुरेश सोनी, विश्वास गुप्ता, उमेश झा, को अन्य गणना नागरिक थे।

## पैसा इन्वेस्ट कराने के नाम पर युवक से 9 लाख रुपए की ठगी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** पार्ट टाइम जॉब लगाने व पैसा इन्वेस्ट कराने के नाम पर युवक से अज्ञात आरोपियों ने करीब 9 लाख रुपए की ठगी कर ली है, मामले में पुलिस ने रिपोर्ट पश्चात अपराध दर्ज कर लिया है।जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम सिलफिली निवासी प्रार्थी जितेन्द्र कुशवाहा पिता रामचरित्र कुशवाहा पिछले दिनों 28 फरवरी की सुबह टेलीग्राम एप चला रहा था। इसी दौरान उसे पार्ट टाइम जॉब लगवाने का ऑफर मिला और सोशल मीडिया वेबसाइट पर पैसा निवेश करने हेतु मेसेज प्राप्त हुआ। अज्ञात आरोपी के झांसे में आकर पैसा इन्वेस्ट करने हेतु प्रार्थी युवक तैयार हो गया। इसके बाद 3 मार्च को प्रार्थी ने अज्ञात आरोपी द्वारा एक्सिस बैंक के दीपक चौधरी नामक व्यक्ति के नाम से दिए गए एकाउंट में 3 लाख रुपए अपने स्टेट बैंक के एकाउंट से भेजा । साथ ही 4 मार्च को प्रार्थी ने पुनः अज्ञात आरोपी द्वारा प्रवीण विश्नोई नामक व्यक्ति के नाम से भेजे गए सिटी यूनियन बैंक के खाता में 5 लाख 97 हजार 9 सौ रुपए को ट्रांसफर कर दिया। इसके पश्चात अज्ञात आरोपी द्वारा पुनः 14 लाख रुपए की मांग की गई, तब प्रार्थी को अपने साथ ठगी हो जाने का अंदेशा हुआ। जिस पर प्रार्थी ने जयनगर थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई, पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 318 (4), 66 डी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## ओबीसी एसोसिएशन की कोल इंडिया स्तरीय बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया मुख्यालय में ओबीसी एसोसिएशन की कोल इंडिया स्तरीय बैठक गौतम बनर्जी महाप्रबंधक श्रम शक्ति औसं सीआईएल, फनेन्द कोराडा वरिष्ठ प्रबंधक सीआईएल व सभी कंपनी से आए समन्वय अधिकारी की उपस्थिति में हुई।उक्त बैठक में कई अहम मुद्दों पर हुई जिसमें मुख्य रूप से कर्मशः सभी कार्यक्रम में ओबीसी एसोशिएशन को शामिल करने, कम्पनियों के सभी क्षेत्रों में नियुक्त लाइजन अधिकारियों को स्वतंत्र रुप से कार्यालय उपलब्ध कराने,कम्पनियों के सभी क्षेत्रों में आवास आबंटन समिति में ओबीसी एसोशिएशन को प्रतिनिधित्व दिये जाने, वर्क कमेटी के गठन में हो रही देरी के कारण संयुक्त सलाहकार समिति, वेलफेयर समिति, सुरक्षा समिति में ओबीसी एसोसिएशन का सदस्य शामिल किये जाने, प्रतिवर्ष एसोसिएशन का सदस्यता शुल्क कटौती हेतु जमा आप्सन फार्म से ही प्रतिवर्ष सदस्यता कटौती किये जाने,कम्पनियों और कम्पनियों के सभी क्षेत्र में एसोसिएशन की प्रबंधक के साथ बैठक का कलेंडर जारी किये जाने।,सीआईएल में हुए टीटी टूर्नामेंट का खेल पुरस्कार अविलंब दिये जाने, सीएमपीडीआई में अविलंब सीनियर की पदोन्नति किये जाने,कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों के बेटों को चिकित्सा सुविधा की उम्र 30 की जाने,चिकित्सा इलाज के लिए बाहर जाने पर स्टाफ को और उसके आश्रित को सेमी प्राइवेट रुम दिये जाने समेत अन्य कई मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इनमें से कई मुद्दों पर प्रबंधक ने सहमति भी दी है। उक्ताशय की जानकारी बैकवर्ड क्लास ओबीसी कोल एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन एसईसीएल बिलासपुर जोन के महासचिव मंगला सिंह यादव ने दी है। उक्त बैठक में एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव, ताराचन्द यादव, अनिरुद्ध कुमार चंद्रा व अन्य उपस्थित थे।



## त्यौहार से पूर्व कोल कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया गया

**बिश्रामपुर।** होली पर्व के ठीक पहले कोयला कर्मचारियों को केंद्र सरकार ने तोहफा दिया है।कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों में काम करने वाले करीब ढाई लाख कर्मचारियों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में 1.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब उन्हें 21.3 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 मार्च से 31 मई तक के लिए प्रभावी रहेगा। इसका सीधा लाभ कोल इंडिया के ढाई लाख कर्मचारियों को प्राप्त होगा। इस संबंध में कोल इंडिया के महाप्रबंधक कार्मिक औद्योगिक संबंध की ओर से अधिसूचना जारी करते हुए सभी सहायक कंपनियों के सीएमडी समेत संबंधित अधिकारियों को इस बावत कार्यवाही के लिए पत्र भेजा गया है। बता दें कि कोल इंडिया में काम करने वाले कर्मियों का प्रत्येक तीन महीने में परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की जाती है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## संस्था के पदाधिकारियों ने की गरीब परिवार की मदद, कराया अंतिम संस्कार

**अम्बिकापुर।** गरीबी से जूझ रहे परिवार के समक्ष उस समय बड़ी परेशानी खड़ी हो गई जब परिवार के एक सदस्य का निधन हो गया। एक ओर गरीबी और दूसरी ओर अंतिम संस्कार के लिए पैसा नहीं होने से परेशान परिवार की मदद अनोखी सोच संस्था के पदाधिकारियों ने न सिर्फ की बल्कि मृतक का विधि-विधान से अंतिम संस्कार कराया।

गंगापुर निवासी सोनी परिवार पर उस समय आफत आ पड़ी, जब घर के सदस्य की स्वास्थ कारणों से निधन हो गया। परिवार अत्यंत गरीब है और अंतिम संस्कार करने में भी सक्षम नहीं था। गंगापुर निवासी शिव प्रसाद सोनी के निधन और परिवार के ऊपर आए इस विपत्ति की जानकारी कैलाश मिश्रा को जैसे ही मिली उन्होंने तत्काल अनोखी सोच संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू से संपर्क किया और परिवार पर आए इस संकट के बारे में बताया। स्थिति से अवगत होने पर समाजसेवी संस्था अनोखी सोच के सदस्यों ने मानवता का परिचय देते हुए न केवल परिवार की आर्थिक मदद की बल्कि मृतक के शव को कंधा देकर विधि-विधान से अंतिम संस्कार भी किया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, सुनील साहू, संजू चटर्जी, चंद्र प्रताप सिंह, समित मुंडा, देव रतन मुंडा, राजू खन्ना, रमेश साहू, बिट्टू मिश्र, निशांत, नितेश, रूपेश बहेरा बिगन साहू, विकास साहू, डब्लू, रोहित, अंकित, सौरभ दास, भक्कू मुंडा, ननकू, गजानंद साहू, लाला साहू, सचिन, प्रिंस थापा, बनाफर राम, चुनमुन, सावन केरकेट्टा, विशाल साहू, मिथलेश, मिठू अग्रवाल, लरंग मुंडा, अभिनाश साहू, संजय साहू लालजी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



## महाविद्यालय में बनेगा 3 करोड़ की लगात से ऑडिटोरियम, कैबिनेट मंत्री ने की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

शासकीय महाविद्यालय 8 मार्च 2025 को भव्य रूप से लोकरंग 10वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री नेताम ने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया तथा शिक्षा और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के लिए भव्य अतिरिक्त भवन एवं 3 करोड़ लागत से ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की। सांसद चिंतामणि महाराज ने युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। सांसद ने युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़े रहने और आधुनिकता के साथ परम्पराओं को सँजोने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा लोकनृत्य, नाटक, गीत-संगीत, काव्य-पाठ सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। अतिथियों द्वारा सत्र 2024-25 में सम्पन्न शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य एनके देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, जिला प्रभारी अखिलेश सिंह, लोधीराम एक्का अध्यक्ष नपा, दिलीप सोनी उपाध्यक्ष नपा, भानु दीक्षित, गौतम सिंह, मंगलम पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-

By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884

नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)